दैनिक भास्कर
अजमेर 08-05-2022

बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र का भ्रमण

अजमेर | कलेक्टर अंशदीप ने शनिवार को तबीजी स्थित राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। उन्होंने संस्थान में चल रहे बीजीय

मसाला फसलों के अनुसंधान कार्यक्रम की जानकारी ली। जनसंपर्क अधिकारी जीके त्रिपाठी ने बताया कि संस्थान के निदेशक डॉ. शैलेंद्रनाथ सक्सेना ने फार्म प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया। उन्होंने कलेक्टर को विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर ने जैव कारक उत्पादन प्रयोगशाला, क्रायोजेनिक ग्राइंडिंग इकाई, मसालों के सुगंधित तेल को पृथक करने की इकाई एवं बीज विधायन प्रक्रिया को देखा। कलेक्टर ने बीजीय मसालों के क्षेत्र मे किए जा रहे संस्थान के प्रयासों की सराहना की।